# SUN Bucks 2025

**SUN Bucks क्या हैं?**
SUN Bucks इलेक्ट्रॉनिक बेनिफिट्स ट्रांसफर (EBT) कार्ड पर योग्य बच्चों के परिवारों को गर्मियों के दौरान किराने का सामान खरीदने के लिए $120 प्रदान करता है, जब स्कूल बंद रहता है। SUN Bucks कार्ड उन स्थानों पर स्वीकार किए जाते हैं जहाँ CalFresh EBT कार्ड स्वीकार किए जाते हैं। **SUN Bucks प्राप्त करने से आपके परिवार की इमीग्रेशन स्थिति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।**

**SUN Bucks 2025 के लिए स्वचालित नामांकन**
जिन बच्चों को CalFresh, CalWORKs और/या Medi-Cal मिलता है और जिनकी आय संघीय गरीबी स्तर (FPL) के 185% या उससे कम है, उन्हें स्वचालित रूप से SUN Bucks मिलेगा। जो बच्चे घरेलू आय आवश्यकताओं के आधार पर कुछ स्कूलों में मुफ्त या कम कीमत वाले भोजन प्राप्त करने योग्य हैं, उन्हें SUN Bucks की सुविधा अपने आप मिल जाएगी।

**SUN Bucks कैसे प्राप्त करें?**
अगर कोई बच्चा स्वचालित रूप से SUN Bucks में नामांकित नहीं है, तो उन्हें **2 सितंबर 2025** तक अपने स्कूल या स्कूल प्रशासक के कार्यालय में आवेदन करना होगा, ताकि यह देखा जा सके कि क्या वे परिवार के आकार और आय के आधार पर योग्य हैं या नहीं।



- वे बच्चे जिन्हें सार्वजनिक सहायता नहीं मिलती है और वे सामुदायिक पात्रता प्रावधान या प्रावधान 2 स्कूल में पढ़ते हैं, या जिन्हें कैलिफोर्निया के सार्वभौमिक भोजन प्रोग्राम से स्कूल भोजन मिलते हैं तो उन्हे आवेदन करना **ज़रूरी** है। स्कूल में मुफ़्त भोजन प्राप्त करने से SUN Bucks नामांकन की गारंटी **नहीं** मिलती।
- जिन बच्चों को Medi-Cal मिलता है, उन्हें SUN Bucks अपने आप तभी मिलेगा जब उनके परिवार की आमदनी FPL के 185% या उससे कम होगी। इसका मतलब है कि कुछ बच्चों को जिन्हें Medi-Cal प्राप्त होता हैं, उन्हें स्वचालित रूप से SUN Bucks नहीं मिलेगा। आम उदाहरणों में वे बच्चे शामिल हैं जिन्हें पूरक सुरक्षा आय या बच्चा गोद लेने के लिए सहायता मिलती है, क्योंकि इन परिवारों को Medi-Cal तो मिलता है, लेकिन वह 185% FPL या उससे कम आमदनी वाले के रूप में प्रमाणित नहीं होता।

**मैत्रीपूर्ण अनुस्मारक:**

- **कार्ड पर लोड होने के 122 दिन बाद SUN Bucks की वैधता समाप्त हो जाती है।** परिवारों को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे CalFresh लाभों से पहले अपने SUN Bucks को खर्च करें। www.ebtedge.com पर अपनी बकाया राशि की जांच करे।
- अपने बच्चे के स्कूल या स्कूल प्रशासक के कार्यालय में अपने स्थानीय काउंटी सामाजिक सेवा कार्यालय, या BenefitsCal.com पर **अपनी संपर्क जानकारी अपडेट करें ।**
- **किसी भी SUN Bucks कार्ड से संबंधी समस्या की रिपोर्ट SUN Bucks हेल्पलाइन (877) 328-9677 पर करें।** एक परिवार प्रति बच्चे एक से अधिक SUN Bucks कार्ड नहीं प्राप्त कर सकता, या एक से अधिक राज्यों से SUN Bucks प्राप्त नहीं कर सकता है।

**अधिक जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं?**

- www.cdss.ca.gov/SUNBucks पर जाएँ।
- CDSS की यूट्यूब SUN Bucks प्लेलिस्ट देखें।
- त्वरित प्रतिक्रिया (QR) कोड स्कैन करें।

**कैलिफोर्निया में SUN Bucks प्रोग्राम अमेरिकी कृषि विभाग (USDA), खाद्य एवं पोषण सेवा (FNS) के वित्तपोषण से संभव हुआ है और यह कैलिफोर्निया शिक्षा विभाग (CDE) के साथ साझेदारी में कैलिफोर्निया सामाजिक सेवा विभाग (CDSS) द्वारा आपके लिए लाया गया है।**
**www.cdss.ca.gov/sunbucks | www.cde.ca.gov/ls/nu/sf | SUNBucks@dss.ca.gov**
**USDA एक समान अवसर प्रदाता, नियोक्ता और ऋणदाता है। मई 2025**
**अधिक जानकारी के लिए, www.fns.usda.gov/summer पर जाएँ।**